भा.वा.अ.शि.प. - वन उत्पादकता संस्थान, राँची

(भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद, देहरादून)

संस्थान और कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन के बीच एम.ओ.यू पर हस्ताक्षर का विस्तृत प्रतिवेदन

दिनांक : 06.06.2024

भावाअशिप- वन उत्पादकता संस्थान, राँची द्वारा दिनांक 06.06.2024 को निदेशक,भावाअशिप-वन उत्पादकता संस्थान,राँची और दामोदर घाटी कोर्पोरेशन, कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन,कोडरमा (झारखण्ड) के बीच एम.ओ.यू (MoU)पर हस्ताक्षर किया गया।

भावाअशिप-वनउत्पादकता संस्थान,राँची के ओर से निदेशक और कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन की ओर से मुख्य महाप्रबंधक,कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन ने हस्ताक्षर किया। इस समझौता ज्ञापन से आने वाले समय में कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन के प्रक्षेत्र में वानिकी और फ्लाई ऐश तालाबों के चारों ओर हरित पट्टी के विकास को बढावा मिलेगा।

डॉ. योगेश्वर मिश्रा, समूह समवयक अनुसंधान ने संस्थान में परिचालित शोध परियोजनाओं और क्रियाकलापों की विस्तृत जानकारी दी । कोडरमा थर्मल पावर स्टेशन के सभी अधिकारियों ने संस्थान द्वारा परिचालित शोध परियोजनाओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की तथा भविष्य में शोध सहयोग हेतु सहमति व्यक्त की।

समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर के समय प्रथम पक्ष से डॉ योगेश्वर मिश्रा, वैज्ञानिक-जी (समूह समवयक अनुसंधान), डॉ शरद तिवारी, वैज्ञानिक-जी (प्रभागाध्यक्ष-सेवा एवं सुविधा), श्री सुभाष चन्द्र, वैज्ञानिक-इ, श्रीमती रूबी सुसाना कुजूर, वैज्ञानिक-सी (प्रभागाध्यक्ष-विस्तार), डॉ रतना वी, वैज्ञानिक-बी, सुश्री बबली कुमारी सिंह, वैज्ञानिक-बी, श्री मनोज गोव्डा एम, वैज्ञानिक-बी, श्री रविन्द्र राज लाल, मुख्य तकनीकी अधिकार, श्री रवि शंकर प्रसाद, मुख्य तकनीकी अधिकार, श्री राजीव रंजन, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी, एवं श्री अरविन्द कुमार, वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी एवं द्वितीय पक्ष के श्री संजय कुमार सिन्हा, महाप्रबंधक (एम), ओ एंड एम, डीवीसी, केटीपीएस, श्री प्रवीर चंद, उप. महाप्रबंधक (सी), श्री अमन ज्योति, उप. महाप्रबंधक (एम), ईएम एंड पीसी श्री. जयन्त विश्वास, वरिष्ठ प्रबंधक (सी),श्री कुलदीप मेहता, उप. प्रबंधक (सी) उपस्थित थे।

संस्थान में आयोजित (MoU) पर हस्ताक्षर की झलकियां

रांची-गुमला NH-23, लालगुटवा, रांची - 835 303 (झारखंड)